मोबाइल फूड वैन में होगी खाद्य सामग्रियों की जांच

Ujjain News - आप नए साल में खाद्य सामग्री की जांच करवाकर उसकी गुणवत्ता का पता लगा सकेंगे। इसके लिए मोबाइल फूड वैन उज्जैन में तीन...

Dainik Bhaskar

Dec 18, 2018, 05:10 AM IST

आप नए साल में खाद्य सामग्री की जांच करवाकर उसकी गुणवत्ता का पता लगा सकेंगे। इसके लिए मोबाइल फूड वैन उज्जैन में तीन स्थानों पर रहेगी। नए साल के पहले दिन 1 जनवरी को महाकाल वाणिज्यिक केंद्र में स्थित कॉसमॉस मॉल के बाहर तथा 2 जनवरी को टॉवर चौक व फव्वारा चौक पर यह वैन खड़ी रहेगी, जो फूड टेस्टिंग करेगी। इसका उद्देश्य अच्छा व सुरक्षित भोजन के प्रति लोगों में जागृति लाना है। 2 जनवरी को महाकाल मंदिर से क्षीरसागर तक प्रभातफेरी निकाली जाएगी, जिसमें स्कूल व कॉलेज के बच्चे शामिल होंगे। क्षीरसागर पर स्वस्थ भारत यात्रा व खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की प्रदर्शनी लगेगी। एलईडी पर वीडियो भी दिखाया जाएगा। फूड सैफ्टी अधिकारी बीएस जामोद व बीएस देवलिया ने बताया खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा यह स्वस्थ भारत यात्रा निकाली जा रही है, जो इंदौर से होते हुए हरिफाटक मार्ग स्थित आस्था गार्डन में पहुंचेगी। यात्रा महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर स्वस्थ भारत की परिकल्पना से प्रेरित है एवं इसका उद्देश्य साइक्लोथोन के माध्यम से सुरक्षित, स्वास्थ्यप्रद व पौष्टिक आहार का संदेश देना व लोगों में जनजागृति लाना है। साइकिल यात्रा उज्जैन से 3 जनवरी की सुबह 8 बजे निकलेगी, जो चौपाल सागर, आगर रोड टोल नाका, घौंसला व तनोडिय़ा होकर आगर स्थित श्री बैजनाथ मंदिर तक जाएंगी।